पटना में दिनांक—06 जून, 2023 मंगलवार को अपराह्न 12:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।

निम्नलिखित निर्णय लिये गये:—

**कृषि विभाग**

1. वित्तीय वर्ष 2023—24 में राज्य में अनियमित मॉनसून/बाढ़/सूखे/ अल्पवृष्टि जैसी स्थिति में खरीफ 2023 में आकस्मिक फसल योजना अन्तर्गत बीज वितरण हेतु 5000.00 लाख (पचास करोड़) रूपये की लागत पर योजना का कार्यान्वयन तथा निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में। — 1. स्वीकृत।

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

2. बिहार राज्य में काष्ठ आधारित उद्योगों की संख्या का पुनर्निर्धारण के संबंध में। — 2. स्वीकृत।

**विधि विभाग**

3. माननीय उच्च न्यायालय, पटना की स्थापना में अनुवादक संवर्ग में संयुक्त निबंधक (अनुवाद) के 01 पद एवं उपनिबंधक (अनुवाद) के 01 पद के सृजन के संबंध में। — 3. स्वीकृत।

**विधि विभाग**

4. माननीय उच्च न्यायालय, पटना की स्थापना में जमादार के वर्तमान 77 पदों को वेतनस्तर—2 में उत्क्रमित करने के संबंध में। — 4. स्वीकृत।

**विधि विभाग**

5. माननीय उच्च न्यायालय, पटना की स्थापना में स्टाफ कार चालक (बेसिक ग्रेड) के 27 (सताइस) पदों के सृजन के सम्बन्ध में। — 5. स्वीकृत।

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

6. अरवल जिलान्तर्गत करपी अंचल के मौजा—बेलखारा, थाना सं0—112, खाता सं0—261, प्लॉट सं0—112, रकबा—1.51 एकड़ गैरमजरूआ मालिक भूमि एवं खाता सं0—283, प्लॉट सं0—392, रकबा—3.50 एकड़ कैसरे हिन्द नहर यानि कुल रकबा—5.01 एकड़ बिहार सरकार की भूमि डिग्री महाविद्यालय स्थापना हेतु शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को अन्तर्विभागीय निःशुल्क एवं स्थायी हस्तान्तरण के सम्बन्ध में। — 6. स्वीकृत।

## संसदीय कार्य विभाग

7. सप्तदश बिहार विधान सभा के अष्टम–सत्र तथा बिहार विधान परिषद के 203वें सत्र (बजट सत्र) के सत्रावसान संलेख पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के संबंध में। **7. स्वीकृत।**

## वित्त विभाग

8. अंकेक्षण निदेशालय, वित्त विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत् बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा का संयुक्त निदेशक (वेतन स्तर–13) का 02 (दो) पद एवं उप निदेशक (वेतन स्तर–12) का 04 (चार) पद अर्थात कुल 06 (छः) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। **8. स्वीकृत।**

## गृह विभाग

9. बिहार पुलिस के अन्तर्गत गठित स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस (Special Auxiliary Police) में बहाल किए गए भारतीय सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों के कुल कार्यरत बल 3566 की अनुबंध अवधि वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिये विस्तारित करने के संबंध में। **9. स्वीकृत।**

## वित्त विभाग

10. राज्य में कार्यरत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों–दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक तथा उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के पुनर्पूंजीकरण हेतु वर्ष 2022–23 के बकाया राशि 84.87 करोड़ रूपये (चौरासी करोड़ सतासी लाख रूपये मात्र) का बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वरूप उपबंध किये जाने एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 की प्रथम तिमाही में एकमुश्त भुगतान की स्वीकृति के संबंध में। **10. स्वीकृत।**